# सुद्धप्पा

# ( शुद्धात्मा )

आचार्य वसुनन्दी मुनि

ग्रंथ : सुद्धप्पा ( शुद्धात्मा )

मंगल आशीर्वाद : परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्य
श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज

ग्रंथकार : परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य
श्री 108 वसुनन्दी जी मुनिराज

संपादन : आर्यिका वर्धस्वनंदनी

प्राप्ति स्थान : ई-16, सैक्टर-51 नोएडा ( गौतमबुद्ध नगर ) 201301
मो. 9971548889, 9867557668

ISBN : 978-93-94199-31-6

संस्करण : द्वितीय 1000 ( सन् 2022 )

प्रकाशक : निर्ग्रन्थ ग्रंथमाला समिति (रजि.) (सर्वाधिकार सुरक्षित)

मुद्रक : ईस्टर्न प्रेस
नारायणा, नई दिल्ली-110028
दूरभाष: 011-47705544
ई-मेल: info@easternpress.in

# सम्पादकीय

**विज्जारहमारूढो, मणोरहपहेसु भमदि जो चेदा।**
**सो जिणणाणपहावी, सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो।।**
**आ. कुंदकुंदस्वामी, समयसार, 7-44-236**

जो आत्मा विद्यारूपी रथ में आरूढ़ हुआ मनोरथ मार्ग में भ्रमण करता है, उसे जिनेन्द्र देव के ज्ञान की प्रभावना करने वाला सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।

**एदम्हि रदो णिच्चं, संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि।**
**एदेण होहि तित्तो, होहिदि तुह उत्तमं सोक्खं।।**
**आ. कुंदकुंद स्वामी, समयसार, 7-14-206**

हे भव्य! तू इस ज्ञान में सदा प्रीति कर इसी में तू सदा सन्तुष्ट रह, इससे ही तू तृप्त रह। (ज्ञान में रति, सन्तुष्टि और तृप्ति से) तुझे उत्तम सुख होगा।

सम्यक्ज्ञान की निर्मल धारा चेतना के धरातल पर पड़े विषय-कषाय-अघ की धूल को नष्ट करती है। जिस प्रकार मंद सुगंधित जल की वर्षा चित्त में आह्लाद उत्पन्न करती है व साथ ही वृक्षादि को संवर्द्धित, पुष्पित, फलित व पल्लवित करने में समर्थ होती है उसी प्रकार सम्यक्ज्ञान रूपी जल की वर्षा से चेतना आह्लादित होती है, परिणामों में विशुद्धि संवर्द्धित होती है तथा संयम, तपादि उत्पन्न होते हैं। ज्ञान में अनुरक्त व्यक्ति के लिए मोक्षमार्ग अत्यंत सरल प्रतिभासित होता है जबकि तत्त्वज्ञान से विहीन विषादयुक्त दिखाई पड़ता है। ज्ञान की इसी निर्मल धारा में प्रतिपल अवगाहन करने वाले और अन्य भव्य जीवों के लिए भी पुण्यकोष की वृद्धि में निमित्त बनने वाले आचार्य गुरुवर ने कई प्राकृत ग्रंथों की रचना की।

**प्राकृत भाषा:-** भाषा संप्रेषण का एक सशक्त माध्यम है। "**प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्**" प्रकृति व स्वभाव से सिद्ध प्राकृत है।

जिस प्रकार मेघ का जल स्वभावत: एकरूप होकर भी नीम, गन्नादि विशेषाधारों से संस्कार को पाकर अनेकरूप में परिणत हो जाता है, उसी प्रकार स्वाभाविक सबकी बोली प्राकृत भाषा पाणिनि आदि के व्याकरणों से संस्कार को पाकर उत्तरकाल में संस्कृतादि नाम पा लेती है। प्राकृत शब्द स्वयं अपनी स्वाभाविकता एवं व्यवहार-मूलकता को कह रहा है।[1]

अपनी कला, ज्ञान-विज्ञान, साहित्य एवं संस्कृति की मौलिकता एवं उत्कृष्टता के कारण ही भारत को विश्व-गुरु की संज्ञा प्राप्त हुई। तथा उसकी इस विविधतापूर्ण प्रज्ञा की एक प्रमुख संदेशवाहिका भाषा प्राकृत थी, जो कि अतिप्राचीन काल से वृहत्तर भारत में जन-जन की भाषा बनी रही। विश्व की प्राचीन 'सिन्धु सभ्यता' के लोगों की भाषा 'प्राकृत' थी। जो मृण्मयी मुद्रालेख सिंधु सभ्यता के उत्खनन में प्राप्त हुए हैं, वे सभी प्राकृत-भाषामय हैं।

इस देश की संस्कृति इस देश की आत्मा के स्वर प्राकृत भाषा में ही मुखरित हुए हैं क्योंकि प्राय: समस्त भारतवासी प्राकृत भाषा-भाषी थे। प्राकृत की महत्ता को बताते हुए कहा है भारतीय संस्कृति एवं इतिहास तब तक अधूरा रहेगा जब तक कि उसका प्राकृत व पालि से संबंध न जोड़ा जाए।[2]

आचार्य श्री के ग्रंथों में शौरसेनी प्राकृत दिखाई पढ़ती है। छठी सदी के प्राकृत-वैयाकरण वररुचि का सूत्रवाक्य "**प्रकृतिः शौरसेनी**"। जिसके अनुसार शौरसेनी प्राकृत सभी प्राकृतों की मूल प्रकृति है। "**प्राकृतमणिदीपकार**" ने तो शेष समस्त प्राकृतों के अधिकांश रूपों के लिए 'शेषं शौरसेनीवत्' कहकर समस्त प्राकृतों की शौरसेनी-मूलकता प्रमाणित कर दी है। स्पष्ट है कि शौरसेनी ही मूल प्राचीन प्राकृत भाषा थी। शूरसेन प्रदेश में विकसित होने के कारण ही नहीं अपितु इसके विशालतम साहित्य व प्राचीनतम् प्रयोगों के कारण 'शौरसेनी' नाम दिया गया। शौरसेनी के लिए कहा है-

**राजपत्न्यादिवक्त्रेन्दु-संवास-हृदयंगमा।**
**मृदुगंभीर संदर्भा शौरसेनी धिनोतु वः।।**
**-मार्कण्डेय का दशग्रीववध महाकाव्य**

रानी के अंत:पुर में रहने वाली अन्य महिलाओं के मुख रूपी चंद्रमा एवं हृदय कमल में जो भलीभाँति निवास करती है, वह लालित्य व गांभीर्य से युक्त शौरसेनी प्राकृतभाषा तुम सबको प्रसन्न करे।

मृदु व गंभीर ये गुण व विशेषण राजवर्ग से संबंधित हैं। जिस प्रकार अंत:पुर में राजा का प्रवेश प्रसन्नता के लिए होता है उसी प्रकार राजसभा, संगोष्ठी आदि में शौरसेनी का प्रयोग आनंदवर्द्धन के लिए होता है।

प्रस्तुत '**सुद्धप्पा**' नामक ग्रंथ गाथा छंद में 174 श्लोकों में निबद्ध है। यह ग्रंथ, ग्रंथकार के आध्यात्मिक हृदय को व्यक्त करता है। इसमें तीन प्रकार की आत्मा बहिरात्मा, अंतरात्मा व परमात्मा कही गई हैं और उत्तम, मध्यम, जघन्य रूप अंतरात्मा के तीन भेद बताए हैं। इसका प्रत्येक काव्य मानो भेदविज्ञान का सूत्र है। जिस प्रकार आकाश में उड़ान भरने के लिए पक्षी को दो पंखों की आवश्यकता होती है उसी प्रकार मोक्षार्थ मुक्त गगन में विहार करने हेतु व्यवहार और अध्यात्म दोनों की आवश्यकता होती है।

व्यवहार की पगदंडी पर चलकर ही अध्यात्म की उड़ान भरी जा सकती है। आचार्य गुरुवर श्री ने जहाँ व्यवहार का कथन किया वहीं सुद्धप्पा जैसे गूढ़ आध्यात्मिक ग्रंथ की रचना की, जिससे मोक्षमार्ग में आगे बढ़ने वाले भेदविज्ञानी हों, अपने लक्ष्य की ओर शीघ्र बढ़ें।

**भव्वुल्लो अब्भसेदि, सया चेयण-पोग्गलाण भेयं च।**
**होदि अच्चुदो अप्पे, णाणी खलु तच्च-चिंतमाणो।।143।।**

जो भव्य जीव चेतना व पुद्गल के भेद का सदा अभ्यास करता है वह ज्ञानी तत्त्व-चिंतन करता हुआ निजात्म में अच्युत अर्थात् स्थिर होता है।

चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज से लेकर सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज तक की गौरवशाली परम्परा

का निर्वहन परमपूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज कर रहे हैं और मोक्षमार्ग में श्रम के साथ जिनशासन के संरक्षण व संवर्द्धन में श्रमरत हैं और इसी को चिर जीवंतता प्रदान करने हेतु जिनशासन के अन्य प्रभावक कार्यों के साथ प्राकृत में कई ग्रंथों का लेखन किया।

यदि इस ग्रंथ के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ही इसका अध्ययन करें। परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज के संयम, तप, ज्ञान, साधना का सौरभ सहस्र वर्षों तक संपूर्ण विश्व को सुरभित करता रहे। उन्हें आरोग्य की प्राप्ति हो एवं अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें। परम पूज्य गुरुवर के चरणों में सिद्ध, श्रुत, आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमन।

''जैनम् जयतु शासनम्''

**-आर्यिका वर्धस्व नंदनी**

# अनुक्रमणिका


मंगलाचरण.....1
ग्रंथ प्रतिज्ञा.....2
द्विविधात्मा.....2
त्रिविधात्मा.....2
दीर्घ संसारी.....3
अंतरात्मा.....3
बहिरात्मा.....3
परमात्मा.....4
जघन्य अंतरात्मा.....4
मध्यम अंतरात्मा.....4
उत्कृष्ट अंतरात्मा.....4
अरिहंत.....5
परमात्म पर्यायवाची.....5
रत्नत्रय बल.....6
आत्मज्ञान विमुख.....6
देह में आत्म बुद्धी.....6
आत्म स्वरूप.....6
ज्ञानी-अज्ञानी.....7
अनादि संस्कार.....7
सम्यक्त्व बुद्धि.....8
मूढ़ बुद्धि.....8
अज्ञानी.....8
भव-दु:ख मूल.....9
सुख कहाँ.....9
तत्त्वज्ञानी सुखी.....9
ज्ञानदीप.....9
किससे बोलूँ.....10
शुद्धात्म स्वरूप.....10
आत्म चेष्टा.....11
विपरीत प्रवृत्ति.....11
अग्राह्य ग्रहण.....11
शाश्वत स्वत्व.....12
शाश्वतात्मा.....12
हेयोपादेय.....12
स्वसंवेद्यात्मा.....12
भ्रांति.....13
मिथ्या अन्वेषण.....13
सम्यक् प्रवृत्ति.....13
परत्व बुद्धि.....14
जो है सो है.....14
अयथार्थ-प्रवृत्ति.....14
गम्यागम्य.....15
स्वात्म दर्शन.....15
अमित्र-अशत्रु.....15
समदृष्टि.....15
अदृश्य स्वत्व.....16
परम पद क्रम.....16
शुद्धात्म चिंतन.....16
परमात्म स्थिति.....17
भय व निर्भय.....17
अतीन्द्रिय दृष्टि.....17
पूज्य कौन.....17
स्वात्म दर्शन.....18
आत्म रमण.....18
स्वात्मोपलब्धि कैसे.....18
मोक्षाधिकारी.....19
समत्व.....19
चंचल चित्त.....19
दृश्यमान कब.....19
स्वात्म दर्शन कब.....20
शुभाशुभ चित्त.....20
मोही निर्मोही.....20
मोह विलय.....21
विज्ञ प्रवृत्ति.....21
तत्त्वज्ञान.....21
स्वस्थिति.....21
अयोग दशा.....22
अलिंग आत्मा.....22
पूर्व संस्कार.....22
संस्कार क्षय.....23
चेतन-अचेतन.....23
हित-अहित.....23

हित सामर्थ्य.....23
इंद्रियागोचर.....24
त्याज्य-अत्याज्य.....24
तत्त्वज्ञ प्रवृत्ति.....24
सहज वृत्ति.....25
लोक प्रवृत्ति.....25
आत्मदृष्टा.....25
अक्षुब्ध चित्त.....25
शाश्वत ज्योति.....26
ध्येय.....26
ग्राह्य.....26
संयम-सुख.....27
अतत्त्ववेत्ता.....27
मोही वृत्ति.....27
निर्भ्रान्त दृष्टि.....27
विषयासक्त.....28
विषयोन्मुखी.....28
अनात्म रुचि.....28
शुद्धात्माकांक्षी.....29
वचनागोचर.....29
अकथ्य-स्वानुभव.....29
अकथ्य-आत्मतत्त्व.....29
शुद्ध निश्चय.....30
शब्दातीत शुद्धात्मा.....30
स्वात्म दृष्टि.....30
विजातीय देह.....31
कर्मास्रव.....31
संसार वृद्धि.....31
थूल-सूक्ष्म देह.....32
जीर्ण-नव देह.....32
नष्ट-उत्पन्न देह.....32
कृष्ण-श्वेतदेह.....32
रक्त-पीत देह.....33
गुरु-लघुदेह.....33
आर्द्र शुष्क देह.....34
दह्यमान शरीर.....34
देह-हानि वृद्धि.....34
बद्धात्मा.....34
निर्विष.....35
आवरण.....35
भावकर्म.....35
द्रव्यकर्म.....36
नोकर्म.....36
भव-वर्द्धक हेतु.....36
जन संसर्ग.....36
स्वात्मवास.....37
स्वभावलीन.....37
मोक्ष मूल.....37
गुरु-शिष्य.....38
निमित्त-नैमित्तिक संबंध.....38
तत्त्वज्ञानी निर्भीक.....39
मृत्यु रहित आत्मा.....39
निश्चय-व्यवहार.....40
स्वभाव अवासि.....40
स्वज्ञ अच्युत.....40
तत्त्वानुभव.....40
शुद्धात्म लीनता.....41
महत्त्वपूर्ण आत्मबुद्धि.....41
मुक्ति क्रम.....41
त्याज्य.....42
निर्विकल्प दशा.....42
उभय विहीन.....42
उभय बाधा.....42
पुष्पवत् पुण्य.....43
सहजोपलब्धि.....43
मोही की प्रवृत्ति.....44
समर्थ कौन.....45
भेद-विज्ञान.....45
श्रद्धा-लीनता.....45
अभेद रत्नत्रय.....45
शुद्धात्मा ही परमात्मा.....46
निमित्त प्रभाव.....46
सिद्ध ध्यान.....47
योगी भावना.....48
अंतिम मंगलाचरण.....48
हंस प्रवृत्ति.....48
ग्रंथकार की लघुता.....48
प्रशस्ति.....49

आचार्य श्री वसुनंदी जी विरचित

# सुद्धप्पा ( शुद्धात्मा )

## मंगलाचरण

**सम्मत्ताइ-गुणेहिं, सुद्धपज्जाय-जुत्ता णिम्मला य।**
**सालंबियर-झाणस्स, तहा भव्वाण सिद्धि-हेदू।।1।।**
**णमिदूण सव्व-सिद्धा, णिक्कम्मा सस्सद-सहाव-जुत्ता।**
**गमणागमणविहीणा, णिवासिणो लोयग्गसिहरे ।।2।।**
**सव्वण्हू जिणदेवा, वीदरायी घाइकम्महीणा य।**
**सव्वा अरिहंता खलु, तियाले तिजोगेहि णमामि।।3।।**

**अन्वयार्थ-सालंबियर-झाणस्स**-सालंब व इतर (अर्थात् निरालंब) ध्यान के **तहा**-तथा **भव्वाण**-भव्यों की **सिद्धि-हेदू**-सिद्धि के हेतु **सम्मत्ताइ-गुणेहिं**-सम्यक्त्वादि गुणों से **य**-और **सुद्धपज्जाय-जुत्ता**-शुद्ध पर्याय से युक्त **णिम्मला**-निर्मल **णिक्कम्मा**-निष्कर्म **सस्सद-सहाव-जुत्ता**-शाश्वत स्वभाव से युक्त **गमणागमणविहीणा**-गमन-आगमन से रहित **लोयग्गसिहरे**-लोक के अग्र शिखर पर **णिवासिणो**-निवास करने वाले **सव्व-सिद्धा**-सभी सिद्धों को **णमिदूण**-नमस्कार करके **सव्वण्हू**-सर्वज्ञ **जिणदेवा**-जिनदेव **वीदरायी**-वीतरागी **य**-और **घाइकम्महीणा**-घाति कर्म से हीन **सव्वा**-सभी **अरिहंता**-अरिहंतों को **तियाले**-तीनों काल में **तिजोगेहि**-तीनों योगों से **खलु**-निश्चय से (मैं आचार्य वसुनंदी) **णमामि**-नमस्कार करता हूँ।

**उसहाइ-वीरादो य, सव्वा तित्थयरा वट्टमाणस्स।**
**पणमामि सव्वदा हं, सग-सुद्धप्प-गुण-लद्धीए।।4।।**

**अन्वयार्थ-सग-सुद्धप्प-गुण-लद्धीए**-स्व शुद्धात्म गुणों की प्राप्ति के लिए **उसहाइ-वीरादो**-ऋषभदेव से आदि लेकर महावीर तक **वट्टमाणस्स**-वर्तमान काल के **सव्वा**-सभी **तित्थयरा**-तीर्थंकरों को **सव्वदा**-सर्वदा **हं**-मैं (आचार्य वसुनंदी मुनि) **पणमामि**-नमस्कार करता हूँ।

**संति-पाय-जयकित्तिं, सूरिं देसभूसणं णमंसामि।**
**सिरिविज्जाणंदगुरुं, जिणसासणमागमं धम्मं।।5।।**

**अन्वयार्थ-सूरिं संति-पाय-जयकित्तिं**-आचार्य श्री शांतिसागर जी, आचार्य श्री पायसागर जी, आचार्य श्री जयकीर्ति जी **सिरिविज्जाणंदगुरुं**-आचार्य श्री विद्यानंद गुरु **जिणसासणमागमं धम्मं**-जिनशासन, जिनागम, जिनधर्म को **णमंसामि**-नमस्कार करता हूँ।

## ग्रंथ प्रतिज्ञा

**भवकारण-णिवत्तीइ, दुक्खाइं खयेदुं इणं गंथं।**
**वसु-गुणाण संपत्तिं, लहिदुं सुद्धप्पं वोच्छामि।।6।।**

**अन्वयार्थ-भवकारण-णिवत्तीइ**-संसार के कारणों की निवृत्ति के लिए **दुक्खाइं**-दुखों के **खयेदुं**-क्षय के लिए **वसु-गुणाण**-अष्ट गुणों की **संपत्तिं**-संपत्ति को **लहिदुं**-प्राप्त करने के लिए **इणं**-इस **गंथं**-ग्रंथ **सुद्धप्पं**-'सुद्धप्पा' को **वोच्छामि**-कहता हूँ।

## द्विविधात्मा

**अप्पा दुविहो भणिदो, खलु संसारि-मुत्ताण भेयेणं।**
**कम्मजुदा संसारी, कम्मविहीणा सुद्धसिद्धा।।7।।**

**अन्वयार्थ-संसारि-मुत्ताण**-संसारी व मुक्त के **भेयेणं**-भेद से **अप्पा**-आत्मा **दुविहो**-दो प्रकार का **भणिदो**-कहा गया है **खलु**-निश्चय से **कम्मजुदा**-कर्म से युक्त **संसारी**-संसारी **कम्मविहीणा**-व कर्म से विहीन **सुद्धसिद्धा**-शुद्ध सिद्ध हैं।

## त्रिविधात्मा

**संसारी जीवा खलु, तिविहा भणिदागमे जिणवरेहिं।**
**बहिरप्पंतरप्पा य, घाइ-विवज्जिदा परमप्पा।।8।।**

**अन्वयार्थ-जिणवरेहिं**-जिनवरों के द्वारा **आगमे**-आगम में **संसारी जीवा**-संसारी जीव **खलु**-निश्चय से **तिविहा**-तीन प्रकार के **भणिदा**-कहे गए

हैं **बहिरप्पंतरप्पा**-बहिरात्मा, अंतरात्मा **य**-और **घाइ-विवज्जिदा**-घाति कर्मों से विवर्जित **परमप्पा**-परमात्मा।

## दीर्घ संसारी

**मण्णदे देहमप्पा, सो हु बहिरप्पा दिग्घ-संसारी।**
**तस्स चागेणं विणा, अंतरप्प-दसा संभवो ण।।9।।**

**अन्वयार्थ**-(जो)**देहमप्पा**-देह को आत्मा **मण्णदे**-मानता है **सो**-वह **बहिरप्पा**-बहिरात्मा **दिग्घ-संसारी**-दीर्घ संसारी है **य**-और **तस्स**-उसको **चागेणं विणा**-त्याग किए बिना **हु**-निश्चय से **अंतरप्प-दसा**-अंतरात्मा की दशा **संभवो ण**-संभव नहीं है।

## अंतरात्मा

**भेदविण्णाण-सहिदो, देहस्स जीवस्स अंतरप्पा य।**
**उत्तममज्झमजहण्ण-भेयेण तिविहो भणिदो सो।।10।।**

**अन्वयार्थ-देहस्स**-देह **य**-और **जीवस्स**-जीव के **भेदविण्णाण-सहिदो**-भेद विज्ञान से सहित जीव **अंतरप्पा**-अंतरात्मा है **सो**-वह **उत्तममज्झमजहण्ण-भेयेण**-उत्तम, मध्यम व जघन्य के भेद से **तिविहो**-तीन प्रकार का **भणिदो**-कहा गया है।

## बहिरात्मा

**मिच्छत्तादो सम्मा-मिच्छद्दिट्ठी पज्जंतो जीवा।**
**बहिरप्पा अण्णाणी, असमत्था सगकल्लाणम्मि।।11।।**

**अन्वयार्थ-मिच्छत्तादो**-मिथ्यात्व से **सम्मा-मिच्छद्दिट्ठी**-सम्यक् मिथ्यादृष्टि **पज्जंतो**-पर्यंत **जीवा**-जीव **बहिरप्पा**-बहिरात्मा हैं **अण्णाणी**-(ये) अज्ञानी जीव **सगकल्लाणम्मि**-अपना कल्याण करने में **असमत्था**-असमर्थ हैं।

## परमात्मा

**सम्मादिट्ठि-ठाणादु, जे जीवे खीण-मोह-पज्जंतो।**
**ते सव्वे णियमेणं, भावी सिद्धा य परमप्पा।।12।।**

**अन्वयार्थ-जे**-जो **जीवे**-जीव **सम्मादिट्ठि-ठाणादु**-सम्यग्दृष्टि गुणस्थान से **खीण-मोह-पज्जंतो**-क्षीण मोह गुणस्थान पर्यंत हैं **ते**-वे **सव्वे**-सभी (अंतरात्मा) **णियमेणं**-नियम से **भावी**-भावी **सिद्धा**-सिद्ध **य**-और **परमप्पा**-परमात्मा होते हैं।

## जघन्य अंतरात्मा

**अविरदसम्मादिट्ठी, सम्मत्ताचरण-सहिद-जीवा जे।**
**ते जहण्णंतरप्पा, अप्पयालम्मि होज्ज सिद्धा।।13।।**

**अन्वयार्थ-जे**-जो **सम्मत्ताचरण-सहिदा**-सम्यक्त्वाचरण सहित **अविरदसम्मादिट्ठी**-अविरत सम्यग्दृष्टि **जीवा**-जीव हैं **ते**-वे **जहण्णंतरप्पा**-जघन्य अंतरात्मा हैं व **अप्पयालम्मि**-अल्पकाल में **सिद्धा**-सिद्ध **होज्ज**-होंगे।

## मध्यम अंतरात्मा

**देसवदी णरतिरिया, पमत्तसंजमी मुणिवरा भणिदा।**
**मज्झमंतरप्पा खलु, कम्मं खयित्तु लहेज्ज सिवं।।14।।**

**अन्वयार्थ-देसवदी-णरतिरिया**-देशव्रती नर-तिर्यंच **पमत्तसंजमी**-प्रमत्त-संयमी **मुणिवरा**-मुनिवर **मज्झमंतरप्पा**-मध्यम अंतरात्मा **भणिदा**-कहे गए हैं वे **खलु**-निश्चय से **कम्मं**-कर्म को **खयित्तु**-क्षयकर **सिवं**-मोक्ष **लहेज्ज**-प्राप्त करेंगे।

## उत्कृष्ट अंतरात्मा

**अपमत्तविरदादो हु, खीणकसाय-गुणठाण-पज्जंतो।**
**उक्किट्ठ-अंतरप्पा, ते सिग्घं होंति परमप्पा।।15।।**

**अन्वयार्थ-अपमत्तविरदादो**-अप्रमत्तविरत गुणस्थान से **खीणकसाय**-

**गुणठाण-पज्जंतो**-क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यंत **उक्किट्ठ-अंतरप्पा**-उत्कृष्ट अंतरात्मा हैं **ते**-वे **सिग्घं**-शीघ्र **हु**-ही **परमप्पा**-परमात्मा **होंति**-होते हैं।

## अरिहंत

**णिक्कम्मो य सकम्मो, सयलो णियलो दुविहो परमप्पा।**
**णिक्कम्मा ते सिद्धा, सकम्मारिहंत-परमप्पा।।16।।**

**अन्वयार्थ-परमप्पा**-परमात्मा **णिक्कम्मो य**-कर्म रहित और **सकम्मो**-कर्म सहित है अथवा **सयलो**-सकल **णियलो**-व निकल **दुविहो**-दो प्रकार के हैं (जो) **णिक्कम्मा**-निष्कर्म हैं **ते**-वे **सिद्धा**-सिद्ध हैं **सकम्मा**-जो कर्म सहित हैं **अरिहंत-परमप्पा**-वे अरिहंत परमात्मा हैं।

## परमात्म पर्यायवाची

**सुद्धो सिवो अणंतो, अणिहणो महेसरो तहा बंभो।**
**जिणच्चुदो णिव्वाणो, अकम्मो अकंपो अकलो त्ति।।17।।**
**सस्सदो सव्वदंसी, धुवो परमुच्चो सुद्धपज्जायी।**
**जिणिंदो विभु-सयंभू, परमगुरू य अव्वाबाहो।।18।।**
**सव्वण्हू णिम्मलो य, केवली सिद्धो अव्वओ णाणी।**
**अक्खयो विवित्तीसो, पहु-परमेट्ठी परमप्पात्ति।।19।।**

**अन्वयार्थ-सुद्धो**-शुद्ध **सिवो**-शिव **अणंतो**-अनंत **अणिहणो**-अनिधन-(अंत से रहित) **महेसरो**-महेश्वर **बंभो**-ब्रह्म **जिणच्चुदो**-जिन, अच्युत **णिव्वाणो**-निर्वाण **अकम्मो**-अकर्म (कर्म से रहित) **अकंपो**-अकंप **तहा**-तथा **अकलोत्ति**-अकल (देह से रहित) **सस्सदो**-शाश्वत **सव्वदंसी**-सर्वदर्शी **धुवो**-ध्रुव **परमुच्चो**-परम उच्च **सुद्धपज्जायी**-शुद्धपर्यायी **जिणिंदो**-जिनेन्द्र **विभु-सयंभू**-विभु, स्वयंभू **परमगुरू**-परमगुरु **य**-और **अव्वाबाहो**-अव्याबाध **सव्वण्हू**-सर्वज्ञ **णिम्मलो**-निर्मल-(कर्ममल से रहित) **केवली**-केवली **सिद्धो**-सिद्ध **अव्वओ**-अव्यय (अपने अनंत चतुष्टय रूप स्वभाव से च्युत न होने वाला) **णाणी**-ज्ञानी **अक्खयो**-अक्षय **विवित्तीसो**-विविक्त-ईश (कर्मादि के स्पर्श से रहित ईश) **पहु-परमेट्ठी य**-प्रभु और परमेष्ठी **परमप्पात्ति**-ये परमात्मा के नाम हैं।

## रत्नत्रय बल

**बहिरप्पं उज्झित्ता, होच्चंतरप्पं पहुं झायेज्जा।**
**कम्मं खयित्ता होंति, रयणत्तय-बलेण परप्पा।।20।।**

**अन्वयार्थ**-(जो) **बहिरप्पं**-बहिरात्मा को **उज्झित्ता**-त्यागकर **अंतरप्पं होच्चा**-अंतरात्मा होकर **पहुं**-प्रभु को **झायेज्जा**-ध्याते हैं (वे) **रयणत्तय-बलेण**-रत्नत्रय के बल से **कम्मं**-कर्म को **खयित्ता**-क्षयकर **परप्पा**-परात्मा (उत्कृष्ट आत्मा अर्थात् परमात्मा) **होंति**-होते हैं।

## आत्मज्ञान विमुख

**इंदियविसयासत्ता, जे विमुहा ते हु अप्पणाणादो।**
**देहमप्पा मण्णंति, बहिरप्पाणंतसंसारी।।21।।**

**अन्वयार्थ-जे**-जो **इंदियविसयासत्ता**-इंद्रिय विषयों में आसक्त **अप्पणाणादो**-आत्मज्ञान से **विमुहा**-विमुख हैं **देहमप्पा**-देह को आत्मा **मण्णंति**-मानते हैं **ते**-वे **बहिरप्पा**-बहिरात्मा **हु**-निश्चय से **अणंतसंसारी**-अनंत संसारी हैं।

## देह में आत्म बुद्धि

**मोही अण्णाणी खलु, णरदेहं मण्णदे अप्प-रूवो।**
**सुरणेरइयतिरियाण, देहा अवि मण्णदे अप्पा।।22।।**

**अन्वयार्थ-मोही**-मोही **अण्णाणी**-अज्ञानी जीव **खलु**-निश्चय से **णरदेहं**-नर देह को **अप्प-रूवो**-आत्म रूप **मण्णदे**-मानता है **सुरणेरइयतिरियाण**-देव, नारकी, तिर्यंच के **देहा**-शरीरों को **अवि**-भी **अप्पा**-आत्मा **मण्णदे**-मानता है।

## आत्म स्वरूप

**देहे विज्जदि अप्पा, णहि देहो कया वि होदि हु अप्पा।**
**देहो पोग्गलरूवो, ससंवेज्जो अयलो अप्पा।।23।।**

**अन्वयार्थ-अप्पा**-आत्मा **देहे**-देह में **विज्जदि**-विद्यमान रहती है **देहो**-देह

**कया वि**-कभी भी **अप्पा**-आत्मा **णहि**-नहीं **होदि**-होती है **हु**-निश्चय से **देहो**-देह **पुग्गलरूवो**-पुद्गल रूप है (और) **अप्पा**-आत्मा **ससंवेज्जो**-स्वसंवेद्य (स्वानुभवगम्य) व **अयलो**-अचल (अर्थात् अपने स्वभाव से कभी च्युत न होने वाला है)।

**जीवत्तसत्ति-सहिदो, णाणदंसण-चेयणारूवो तह।**
**सामण्णियर-गुण-जुदो, जुदो अप्पाणंतसत्तीइ।।24।।**

**अन्वयार्थ-अप्पा**-आत्मा **णाणदंसणचेयणारूवो**-ज्ञान-दर्शन चेतना रूप है **जीवत्त-सत्ति-सहिदो**-जीवत्व शक्ति से सहित है **सामण्णियर-गुण-जुदो**-सामान्य व इतर (अर्थात् विशेष) गुणों से युक्त **तह**-तथा **अणंतसत्तीइ**-अनंत शक्ति से **जुदो**-युक्त है।

## ज्ञानी-अज्ञानी

**णियदेहं पस्सित्ता, परदेहं अचेयणो पस्सदि जो।**
**सो अवि णाणी अप्पा, देहमप्पा मण्णदि मूढो।।25।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **णियदेहं**-अपने शरीर को **पस्सित्ता**-देखकर **परदेहं**-दूसरों की देह को **अवि**-भी **अचेयणो**-अचेतन **पस्सदि**-देखता है **सो**-वह **णाणी**-ज्ञानी **अप्पा**-आत्मा है **मूढो**-मूर्ख **देहमप्पा**-देह को आत्मा **मण्णदि**-मानता है।

**अण्णाणं देहेसुं, भवण-वाहण-खेत्त-धण्णादीसुं।**
**जस्स अप्पधी होदि हु, बहिरप्पण्णाणी मूढो य।।26।।**

**अन्वयार्थि-अण्णाणं**-अन्यों की **देहेसुं**-देहों में **भवण-वाहण-खेत्त-धण्णादीसुं**-भवन, वाहन, क्षेत्र, धान्यादि में **जस्स**-जिसकी **अप्पधी**-आत्म बुद्धि **होदि**-होती है (वह) **हु**-निश्चय से **बहिरप्पण्णाणी**-बहिरात्मा, अज्ञानी **य**-और **मूढो**-मूर्ख है।

## अनादि संस्कार

**अणादिसक्कारेणं, मोहाविज्जा-बलेण य सरीरं।**
**मण्णंति अप्परूवो, तं उज्झेदुं णो समत्था।।27।।**

**अन्वयार्थ**-(जीव) **अणादिसक्कारेणं**-अनादि (काल के) संस्कार से **मोहाविज्जा- बलेण य**-मोह व अविद्या के बल से **सरीरं**-शरीर को **अप्परूवो**-आत्म रूप **मण्णंति**-मानते हैं (व) **तं**-उसे **उज्झेदुं**-त्यागने में **णो समत्था**-समर्थ नहीं होते।

## सम्यक्त्व बुद्धि

**अप्पम्मि अप्पबुद्धी, जाणं अजीवे अजीवरूवा य।**
**ते होंति सम्मदिट्ठी, णिय-रूवं लहिदुं समत्था।।28।।**

**अन्वयार्थ**-**जाणं**-जिनकी **अप्पम्मि**-आत्मा में **अप्पबुद्धी**-आत्मबुद्धि व **अजीवे**-अजीव में **अजीवरूवा**-अजीव रूप (बुद्धि) **होदि**-होती है **ते**-वे **सम्मदिट्ठी**-सम्यक् दृष्टि **होंति**-होते हैं व **णिय-रूवं**-निजस्वरूप को **लहिदुं**-प्राप्त करने में **समत्था**-समर्थ हैं।

## मूढ़ बुद्धि

**देहम्मि अप्पबुद्धी, अप्पम्मि य अजीवधारणा जस्स।**
**सो मूढो अण्णाणी, चिरं भुंजदे घोर-दुहाणि।।29।।**

**अन्वयार्थ**-**जस्स**-जिसकी **देहम्मि**-देह में **अप्पबुद्धी**-आत्मबुद्धि **य**-व **अप्पम्मि**-आत्मा में **अजीवधारणा**-अजीव धारणा है **सो**-वह **मूढो**-मूर्ख **अण्णाणी**-अज्ञानी **चिरं**-चिरकाल तक **घोर-दुहाणि**-घोर दुखों को **भुंजदे**-भोगता है।

## अज्ञानी

**मण्णदे देहविद्धिं, अप्पविद्धी देहस्स हाणिं जो।**
**अप्पहाणी सो तहा, लोयम्मि होज्ज कहं णाणी।।30।।**

**अन्वयार्थ**-**जो**-जो **देहविद्धिं**-देह की वृद्धि को **अप्पविद्धी**-आत्मा की वृद्धि **मण्णदे**-मानता है **तहा**-तथा **देहस्स**-देह की **हाणिं**-हानि को **अप्पहाणी**-आत्मा की हानि (मानता है) **सो**-वह **लोयम्मि**-लोक में **णाणी**-ज्ञानी **कहं**-कैसे **होज्ज**-हो सकता है।

## भव-दुख मूल

**देहेसुमप्पबुद्धी, णियमेणं मूलं भवदुक्खाणं।**
**जो उज्झदि तं बुद्धिं, सक्को सो भवदुहं हरिदुं।।31।।**

**अन्वयार्थ-देहेसुं**-देहों में **अप्पबुद्धी**-आत्मबुद्धि (का होना) **णियमेणं**-नियम से **भवदुक्खाणं**-भवदुखों का **मूलं**-मूल है **जो**-जो **तं**-उस **बुद्धिं**-बुद्धि को **उज्झदि**-त्यागता है **सो**-वह **भवदुहं-हरिदुं**-भव दु:ख का हरण (अर्थात् नाश) करने में **सक्को**-समर्थ है।

## सुख कहाँ

**उम्मत्त-मूढ-सुत्तो, जो को वि विसयेसु रज्जदि जीवो।**
**कहं लहेज्ज सुहं तं, उप्पज्जदि जं सुहमप्पम्मि।।32।।**

**अन्वयार्थ-उम्मत्त-मूढ-सुत्तो**-उन्मत्त, मूर्ख, सुप्त **जो को वि**-जो कोई भी **जीवो**-जीव **विसयेसु**-विषयों में **रज्जदि**-रंजायमान होता है (वह) **तं**-उस **सुहं**-सुख को **कहं**-कैसे **लहेज्ज**-प्राप्त कर सकता है **जं**-जो **सुहमप्पम्मि**-सुख आत्मा में **उप्पज्जदि**-उत्पन्न होता है।

## तत्त्वज्ञानी सुखी

**जो विजाणेदि तच्चं, तच्चं मण्णेदि भावेदि तच्चं।**
**उज्झदि सव्व-अतच्चं, सस्सद-सोक्खं सो पावेदि।।33।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **तच्चं**-तत्त्व को **विजाणेदि**-जानता है **तच्चं**-तत्त्व को **मण्णेदि**-मानता है व **तच्चं**-तत्त्व को **भावेदि**-भाता है (अर्थात् तत्त्व की भावना करता है) **सव्व-अतच्चं**-सर्व अतत्त्व को **उज्झदि**-त्यागता है **सो**-वह **सस्सद-सोक्खं**-शाश्वत सौख्य को **पावेदि**-प्राप्त करता है।

## ज्ञानदीप

**णाणं महापदीवो, जदि सम्मत्त-सुद्धचरित्त-जुत्तं।**
**विसयमोह-पवणेणं, णिव्ववेज्ज खलु तं कया वि ण।।34।।**

**अन्वयार्थ-णाणं**-ज्ञान **महापदीवो**-महाप्रदीप है **जदि**-यदि (वह)

**सम्मत्त-सुद्धचरित्त-जुत्तं**-सम्यक्त्व व शुद्ध चारित्र से युक्त है तो **तं**-उसे **विसयमोह-पवणेणं**-विषय व मोह की पवन के द्वारा **खलु**-निश्चय से **कयावि**-कदापि भी **णिव्ववेज्ज ण**-बुझाया नहीं जा सकता।

## किससे बोलूँ

**जं रूवं हं पस्समि, सो णियमेणं अचेयणो होज्जा।**
**तम्हा केण सह वदमु, चिदरूवं जाणिदुमसक्को।।35।।**

**अन्वयार्थ-जं रूवं**-जिस रूप को **हं**-मैं (इन्द्रियों के द्वारा) **पस्समि**-देखता हूँ **सो**-वह **णियमेणं**-नियम से **अचेयणो**-अचेतन **होज्जा**-होता है **चिदरूवं**-(मैं) चिद्रूप को **जाणिदुं**-जानने के लिए **असक्को**-अशक्य हूँ **तम्हा**-इसीलिए अब मैं **केण सह**-किसके साथ **वदमु**-बोलूँ।

**जं रूवं हं जाणमि, तं सद्देहि जाणेदुं समत्थो।**
**अप्पा सद्दविहीणो, तम्हा हं केण सह वदामु।।36।।**

**अन्वयार्थ-जं**-जिस **रूवं**-रूप को **हं**-मैं **जाणमि**-जानता हूँ **तं**-वह (पुद्गल होने से) **सद्देहि**-शब्दों के द्वारा **जाणेदुं**-जानने में **समत्थो**-समर्थ है (जबकि) **अप्पा**-आत्मा **सद्दविहीणो**-शब्दविहीन है **तम्हा**-इसीलिए **हं**-मैं **केण सह**-किसके साथ **वदामु**-बात करूँ।

**जं सुणिदुं हु समत्थो, ते सद्दा पोग्गला होंति णियमा।**
**सद्दरूवप्पधणी ण, तम्हा हं धारामि मोणं।।37।।**

**अन्वयार्थ**-मैं **जं**-जो **सुणिदुं**-सुनने में **समत्थो**-समर्थ हूँ **ते**-वे **सद्दा**-शब्द **णियमा**-नियम से **पोग्गला**-पुद्गल **हु**-ही **होंति**-होते हैं **सद्दरूवप्पधणी**-आत्मा की ध्वनि शब्द रूप **ण**-नहीं है **तम्हा**-इसीलिए **हं**-मैं **मोणं**-मौन **धारामि**-धारण करता हूँ।

## शुद्धात्म स्वरूप

**जम्ममिच्चुहीणो खलु, संकप्पविहीणो कंखविहीणो।**
**किरियाकंड-विहीणो, वियप्पविहीणो सुद्धप्पा।।38।।**

**अन्वयार्थ-खलु**-निश्चय से **सुद्धप्पा**-शुद्धात्मा **जम्ममिच्चुहीणो**-जन्म-मृत्यु से हीन **संकप्पविहीणो**-संकल्प विहीन **कंखविहीणो**-आकांक्षा विहीन **किरियाकंड-विहीणो**-क्रियाकांड विहीन (और) **वियप्पविहीणो**-विकल्पहीन है।

## आत्म चेष्टा

**अण्णजीवाण दाणं, आदाणं अण्णादो जदि करोमि।**
**चेट्ठा उम्मत्तोव्व हु, अप्पचेट्ठा वियप्पहीणा।।39।।**

**अन्वयार्थ-जदि**-यदि (मैं) **अण्णजीवाण**-अन्य जीवों के लिए **दाणं**-दान **अण्णादो**-अन्यों से **आदाणं**-आदान **करोमि**-करता हूँ (तो वह) **चेट्ठा**-चेष्टा **हु**-निश्चय से **उम्मत्तोव्व**-उन्मत्त के समान है **अप्पचेट्ठा**-आत्मा की चेष्टा **वियप्पहीणा**-विकल्पों से हीन है।

## विपरीत प्रवृत्ति

**जं किंचिवि गहणीयं, तं गहेदुं णेव समत्थो अम्मि।**
**वत्थुं हु चागणीयं, तं उज्झेदुं णो समत्थो।।40।।**

**अन्वयार्थ-हु**-निश्चय से **जं**-जो (वस्तु) **किंचिवि**-किंचित् भी **गहणीयं**-ग्रहण करने योग्य है **अम्मि**-मैं **तं**-उसे **गहेदुं**-ग्रहण करने में **समत्थो**-समर्थ **णेव**-नहीं हूँ **वत्थुं**-(जो) वस्तु **चागणीयं**-त्याग करने योग्य है **तं**-उसे **उज्झेदुं**-त्याग करने में **णो समत्थो**-समर्थ नहीं हूँ।

## अग्राह्य ग्रहण

**जं किंचि गहिदं मए, तं णत्थि मज्झं कहिं वि यालम्मि।**
**णो अहं तस्स वि होमि, णो होहीअ णो हि होहामि।।41।।**

**अन्वयार्थ-जं**-जो **किंचि**-किंचित् **मए**-मेरे द्वारा **गहिदं**-ग्रहण किया गया है **तं**-वह **कहिं वि यालम्मि**-किसी भी काल में **मज्झं**-मेरा **णत्थि**-नहीं है **अहं**-मैं **वि**-भी **तस्स**-उसका **णो**-नहीं **होमि**-हुआ हूँ **णो होहीअ**-न हुआ था **णो हि होहामि**-ना ही होऊँगा।

## शाश्वत स्वत्व

**ण होदि पराण ममप्पा, पराणं णो होसी णो होस्सदि य।**
**मज्झं अप्पा णिच्चं मे, अत्थि आसी होस्सदि मज्झं।।42।।**

**अन्वयार्थ-मम**-मेरी **अप्पा**-आत्मा **पराणं**-दूसरों का **ण**-नहीं **होदि**-होता **पराणं**-दूसरों की **णो होसी**-न हुई थी **य**-और **णो होस्सदि**-न होगी **मज्झं**-मेरी **अप्पा**-आत्मा **णिच्चं**-नित्य **मज्झं**-मेरी **अत्थि**-है **आसी**-(मेरी) थी (और) **होस्सदि**-(मेरी) होगी।

## शाश्वतात्मा

**दंसणणाणसमग्गो, मे अप्पा सस्सदो अप्परूवो।**
**चिम्मय-अमुत्तरूवो, जम्मजरारोयभयहीणो।।43।।**

**अन्वयार्थ-दंसणणाणसमग्गो**-दर्शन व ज्ञान से युक्त **चिम्मय-अमुत्तरूवो**-चिन्मय, अमूर्तरूप **जम्म-जरा-रोय-भय-हीणो**-जन्म, जरा, रोग, भय से विहीन **मे**-मेरी **अप्पा**-आत्मा **सस्सदो**-शाश्वत **अप्परूवो**-आत्म रूप है।

## हेयोपादेय

**स-सहावो गहणीयो, परसहावो सया हि उज्झणीयो।**
**णवरि ण गहेमि विहामि, हेयभावं हा मे दुक्खं।।44।।**

**अन्वयार्थ-स-सहावो**-स्व स्वभाव **गहणीयो**-ग्रहण करने योग्य है **णवरि**-किन्तु **ण गहेमि**-मैं (उसे) ग्रहण नहीं करता **परसहावो**-परस्वभाव **सया हि**-सदा ही **उज्झणीयो**-त्याग करने योग्य है (किन्तु) **हेयभावं**-(मैं उस) हेयभाव को **ण विहामि**-नहीं छोड़ता हूँ **हा**-हाय! **मे दुक्खं**-(ये) मेरा दु:ख है।

## स्वसंवेद्यात्मा

**सगसंवेदण-जोग्गो, अप्पा णियमेणं ठादि अप्पम्मि।**
**अप्पा णो हु गच्छेदि, परदव्वाणि कहंपि कया वि।।45।।**

**अन्वयार्थ-सगसंवेदण-जोग्गो**-स्वसंवदेन के योग्य **अप्पा**-आत्मा

**णियमेणं**-नियम से **अप्पम्मि**-आत्मा में **ठादि**-ठहरता है **हु**-निश्चय से **अप्पा**-आत्मा **कया वि**-कभी भी **कहंपि**-कैसे भी **परदव्वाणि**-परद्रव्यों में **णो गच्छेदि**-नहीं जाता।

## भ्रांति

**जइ उप्पज्जदि भंती, सिप्पि-ठाणूसुं रजद-पुरिसाणं।**
**मरीइयाइ णीरस्स, पित्तलम्मि हाडगस्स तहा।।46।।**
**तदायाले पुरिसस्स, होदि चेट्ठा य उम्मत्तजीवोव्व।**
**णाणीसु हस्सपत्तो, होदि सो तहा सीददि तत्थ।।47।।**

**अन्वयार्थ-जइ**-जब **सिप्पि-ठाणूसुं रजद-पुरिसाणं**-सीप में चाँदी की, स्थाणु में पुरुष की **मरीइयाइ**-मरीचिका में **णीरस्स**-नीर की **तहा**-तथा **पित्तलम्मि**-पीतल में **हाडगस्स**-स्वर्ण की **भंती**-भ्रांति **उप्पज्जदि**-उत्पन्न होती है **तदायाले**-उस समय **पुरिसस्स**-पुरुष की **चेट्ठा**-चेष्टा **उम्मत्त-जीवोव्व**-उन्मत्त जीव के समान **होदि**-होती है **सो**-वह **णाणीसु**-ज्ञानियों में **हस्सपत्तो**-हँसी का पात्र **होदि**-होता है **तहा**-तथा **तत्थ**-वहाँ **सीददि**-दु:खी होता है।

## मिथ्या अन्वेषण

**मोही जीवो मण्णदि, अप्पसरूवं खलु देहादीसुं।**
**अप्प-गुणा अण्णेसदि, तम्हि णो लहेदि किंचि वि ता।।48।।**

**अन्वयार्थ-मोही जीवो**-मोही जीव **देहादीसुं**-देहादि में **अप्पसरूवं**-आत्मा स्वरूप को **मण्णदि**-मानता है **तम्हि**-उसमें **खलु**-निश्चय ही **अप्पगुणा**-आत्म गुणों की **अण्णेसदि**-खोज करता है (और) **ता**-उन (गुणों) को **किंचि वि**-किंचित् भी **णो लहेदि**-प्राप्त नहीं करता।

## सम्यक् प्रवृत्ति

**जदा णस्सदि विब्भमो, तदा मोहिस्स चेट्ठा वरा होदि।**
**तहेव णस्सदि मोहं, णाणीणं सम्मरूवेणं।।49।।**

**अन्वयार्थ-जदा**-जब (मोही जीव का) **विब्भमो**-विभ्रम **णस्सदि**-नष्ट

होता है **तदा**-तब **मोहिस्स**-मोही जीव की **चेट्ठा**-चेष्टा **वरा**-उत्कृष्ट **होदि**-होने लगती है **तहेव**-उसी प्रकार (जब) **मोहं**-मोह **णस्सदि**-नष्ट होता है (अर्थात् देहादि में जब आत्मा का भ्रम दूर हो जाता है तब) **णाणीणं**-इस ज्ञानी पुरुष की (चेष्टा भी) **सम्मरूवेणं**-सम्यक् रूप से होती है।

## परत्व बुद्धि

**अम्मि अणुभूइ-जोग्गो, अप्पम्मि अप्परूवो णियमेणं।**
**सो हं णो णवुंसगो, णो इत्थी णेव पुरिसो वा।।50।।**

**अन्वयार्थ**-**अम्मि**-मैं **णियमेणं**-नियम से **अप्पम्मि**-आत्मा में **अप्परूवो**-आत्मा रूप **अणुभूइ-जोग्गो**-अनुभूति के योग्य हूँ **हं**-मैं **सो**-वह **णो णवुंसगो**-नपुंसक नहीं हूँ **णो इत्थी**-स्त्री नहीं हूँ **वा**-और **णेव पुरिसो**-ना ही मैं पुरुष हूँ।

## जो है सो है

**णाणी णिच्चो अप्पा, चिम्मयो सस्सदो अभेयरूवो।**
**णो एग-बे-ते-चदू, ण संखेज्जसंखेज्जणंतो।।51।।**

**अन्वयार्थ**-मैं **णाणी**-ज्ञानी **णिच्चो**-नित्य **चिम्मयो**-चिन्मय **सस्सदो**-शाश्वत **अभेयरूवो**-अभेदरूप **अप्पा**-आत्मा हूँ **णो एग-बे-ते-चदू**-एक, दो, तीन, चार भी नहीं हूँ **ण संखेज्जसंखेज्जणंतो**-न संख्यात, न असंख्यात और न अनंत हूँ।

## अयथार्थ-प्रवृत्ति

**जम्मि भावम्मि सुत्तो, अम्मि णो तस्सिं जागरेमि पुणो।**
**भावे जागरिओ हं, सो सहावेण ण मे कया वि।।52।।**

**अन्वयार्थ**-**अम्मि**-मैं **जम्मि**-जिस **भावम्मि**-भाव में **सुत्तो**-सुप्त हूँ **तस्सिं**-उसमें (मैं) **पुणो**-पुनः **णो वि जागरेमि**-जागृत नहीं होता **हं**-मैं **भावे**-(जिस) भाव में **जागरिओ**-जागृत हूँ **सो**-वह **सहावेण**-स्वभाव से **कया वि**-कभी भी **मे**-मेरा **ण**-नहीं है।

## गम्यागम्य

**पोग्गलो अक्ख-जोग्गो, अप्पा अगहणीयो इंदियेहिं।**
**तस्स वि णो आहरणो, णो चिण्हं णो को वि उवमा।।53।।**

**अन्वयार्थ-पोग्गलो**-पुद्गल **अक्ख-जोग्गो**-इंद्रियों के योग्य है (अर्थात् इंद्रियों के द्वारा जानने योग्य है और) **अप्पा**-आत्मा **इंदियेहिं**-इंद्रियों के द्वारा **अगहणीयो**-अग्रहणीय (अर्थात् ग्रहण करने योग्य नहीं है) **तस्स**-उसका **को वि**-कोई भी **णो आहरणो**-दृष्टांत नहीं दिया जा सकता **णो चिण्हं**-कोई भी प्रतीक नहीं है (और) **णो उवमा**-कोई उपमा नहीं (दी जा सकती)।

## स्वात्म दर्शन

**खयंति रायद्देसं, सग-कोह-सोग-भय-रदि-हस्साइं।**
**तदा हि अप्पं अप्पा, तच्चेण पस्सिदुं समत्थो।।54।।**

**अन्वयार्थ**-(जब) **सग**-अपने **रायद्देसं**-राग-द्वेष **कोह-सोग-भय-रदि-हस्साइं**-अपने क्रोध, शोक, भय, रति, हास्यादि **खयंति**-नष्ट होते हैं **तदा हि**-तब ही **अप्पा**-आत्मा **अप्पं**-आत्मा को **तच्चेण**-तत्त्व के द्वारा **पस्सिदुं**-देखने के लिए **समत्थो**-समर्थ होता है।

## अमित्र-अशत्रु

**इहलोयम्मि मम णत्थि, मादुपिदुपुत्तकलत्तबंधू तह।**
**कत्थ ण के वि विज्जंति, मे सत्तु-मित्तं इट्ठादी।।55।।**

**अन्वयार्थ-इहलोयम्मि**-इस लोक में **मम**-मेरे **मादुपिदुपुत्तकलत्तबंधू तह**-माता, पिता, पुत्र, कलत्र तथा बंधुवर्ग **णत्थि**-नहीं है (इस लोक में) **कत्थ**-कहीं (भी) **के वि**-कोई भी **मे**-मेरे **सत्तु-मित्तं**-मित्र-शत्रु **इट्ठादी**-इष्टादि **विज्जंति ण**-विद्यमान नहीं हैं।

## समदृष्टि

**णाहं करोमि कया वि, णेह-भावं हु कस्सिं पदत्थम्मि।**
**जे विज्जंति लोगम्मि, तेसु ण करोमि अपिय-भावं।।56।।**

**अन्वयार्थ-अहं**-मैं **कया वि**-कभी भी **कस्सिं पदत्थम्मि**-किसी भी पदार्थ में **णेहभावं**-स्नेह भाव **ण करोमि**-नहीं करता हूँ **जे**-जो भी पदार्थ **लोगम्मि**-लोक में **विज्जंति**-विद्यमान हैं **हु**-निश्चय से (मैं) **तेसु**-उनमें **अपिय-भावं**-अप्रिय भाव को (भी) **ण करोमि**-नहीं करता।

## अदृश्य स्वत्व

**जं जं पस्समि लोगे, सो सो णत्थि मे सत्तू मित्तं च।**
**जं णाहं पस्सामि य, सो वि मे सत्तू मित्तं णो।।57।।**

**अन्वयार्थ-जं जं**-जिस-जिसको (मैं) **लोगे**-लोक में **पस्समि**-देखता हूँ **सो सो**-वह-वह **मे**-मेरा **सत्तू**-शत्रु **च**-और **मित्तं**-मित्र **णत्थि**-नहीं है **य**-और **जं**-जिसे **णाहं**-मैं नहीं **पस्सामि**-देखता **सो वि**-वह भी **मे**-मेरा **सत्तू**-शत्रु **मित्तं**-मित्र **णो**-नहीं है।

## परम पद क्रम

**चयिय बहिरप्प-भावा, ठादुमंतरप्पे करेज्ज कज्जं।**
**परमप्पं झायेज्जा, सव्व-वियार-विसज्जेदुं च।।58।।**

**अन्वयार्थ-बहिरप्प-भावा**-बहिरात्मा के भावों को **चयिय**-त्यागकर **अंतरप्पे**-अंतरात्मा में **ठादुं**-स्थित रहने के लिए **कज्जं**-कार्य **करेज्ज**-करना चाहिए **च**-और **सव्व-वियार-विसज्जेदुं**-मोहादि सर्व विकारों के विसर्जन के लिए **परमप्पं**-परमात्मा को **झायेज्जा**-ध्याना चाहिए।

## शुद्धात्म चिंतन

**जो सुद्धप्पा सो हं, णिच्छयेणं जिणेहिं णिद्दिट्ठं।**
**सक्कार-थिरिमाए, एरिसिं भावं भावेज्जा।।59।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **सुद्धप्पा**-शुद्धात्मा है **सो हं**-वही मैं हूँ **णिच्छयेणं**-निश्चय से **जिणेहिं**-जिनों के द्वारा **णिद्दिट्ठं**-(ऐसा) निर्दिष्ट किया गया है **सक्कार-थिरिमाए**-संस्कारों की स्थिरता के लिए **एरिसिं**-ऐसी ही **भावं**-भावना **भावेज्जा**-भानी चाहिए।

## परमात्म स्थिति

**तदा अप्पा अप्पम्मि, थिरं होच्चा लहदि परमप्प-ठिदिं।**
**जदा होंति दढिभूदा, सक्कारा परमप्प-रूवा।।60।।**

**अन्वयार्थ-जदा**-जब **परमप्प-रूवा**-परमात्म रूप **सक्कारा**-संस्कार **दढि भूदा**-दृढ़िभूत **होंति**-होते हैं **तदा**-तब **अप्पा**-आत्मा **अप्पम्मि**-आत्मा में **थिरं**-स्थिर **होच्चा**-होकर **परमप्प-ठिदिं**-परमात्म स्थिति को **लहदि**-प्राप्त करता है।

## भय व निर्भय

**बहिरप्पा सद्दहेदि, तत्थ अंतरप्पा खलु कया णो वि।**
**बहिरप्पा भयभीदो, अंतो लहदि णिब्भय-ठाणं।।61।।**

**अन्वयार्थ**-(जहाँ) **बहिरप्पा**-बहिरात्मा **सद्दहेदि**-श्रद्धान करता है **तत्थ**-वहाँ **अंतरप्पा**-अंतरात्मा **खलु**-निश्चय से **कया वि णो**-कभी भी (श्रद्धान) नहीं करता **बहिरप्पा**-बहिरात्मा **भयभीदो**-भयभीत होता है (व) **अंतो**-अंतरात्मा **णिब्भय-ठाणं**-निर्भय स्थान को **लहदि**-प्राप्त करता है।

## अतीन्द्रिय दृष्टि

**होच्चा वियप्पहीणं, जदा पस्समि परमप्परूवो हं।**
**अक्ख-णिग्गहं किच्चा, चित्ते मणमेगग्गं किच्चु।।62।।**

**अन्वयार्थ-वियप्पहीणं**-विकल्पहीन **होच्चा**-होकर **अक्ख-णिग्गहं**-इंद्रियों का निग्रह **किच्चा**-करके **चित्ते**-चित्त में **मणमेगग्गं**-मन को एकाग्र **किच्चु**-करके **जदा**-जब **पस्समि**-मैं देखता हूँ (तब वह) **परमप्परूवो**-परमात्म रूप **हं**-मैं हूँ।

## पूज्य कौन

**जो परमप्पा सो हं, जो हं सो सत्तिरूव-परमप्पा।**
**तम्हा हं मइ पुज्जो, अप्पमप्पे ठाएज्ज सया।।63।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **परमप्पा**-परमात्मा है **सो**-वह **हं**-मैं हूँ **जो**-जो **हं**-मैं हूँ

**सो**-वह **सत्तिरूव-परमप्पा**-शक्ति रूप परमात्मा है **तम्हा**-इसीलिए **हं**-मैं **मइ**-मेरे द्वारा **पुज्जो**-पूज्य हूँ **अप्पं**-आत्मा को **सया**-सदा **अप्पे**-आत्मा में **ठाएज्ज**-रहना चाहिए।

## स्वात्म दर्शन

**पावमि परमाणंदं, जो जणदे सया अप्पणाणादो।**
**सो णिप्पज्जदि अप्पे, पस्समि अप्पं सया तम्हा।।64।।**

**अन्वयार्थ**-(मैं उस) **परमाणंदं**-परमानंद को **पावमि**-प्राप्त करता हूँ **जो**-जो **सया**-सदा **अप्पणाणादो**-आत्म ज्ञान से **जणदे**-उत्पन्न होता है **सो**-वह **अप्पे**-आत्मा में **णिप्पज्जदि**-निष्पन्न होता है **तम्हा**-इसीलिए (मैं) **सया**-सदा **अप्पं**-आत्मा को **पस्समि**-देखता हूँ।

## आत्म रमण

**उज्झित्तु अण्ण-भावा, सव्वदा अप्पमप्पे थिरं किच्चु।**
**होज्जा हं परमप्पा, संजम-तव-झाण-बलेहिं च।।65।।**

**अन्वयार्थ**-**अण्ण-भावा**-अन्य भावों को **उज्झित्तु**-छोड़कर **सव्वदा**-सदा **अप्पं**-आत्मा को **अप्पे**-आत्मा में **थिरं**-स्थिर **किच्चु**-करके **संजम-तव-झाण-बलेहिं च**-संयम, तप व ध्यान के बल से **हं**-मैं **परमप्पा**-परमात्मा **होज्जा**-होता हूँ।

## स्वात्मोपलब्धि कैसे

**जो णहि जाणदि अप्पं, तणाइ-पदत्थादो भिण्णरूवं।**
**सो लहेज्ज कहमप्पं, कुव्वंतो अणसणाइ-तवं।।66।।**

**अन्वयार्थ**-**जो**-जो **तणाइ-पदत्थादो**-शरीरादि पदार्थों से **भिण्णरूवं**-भिन्न रूप **अप्पं**-आत्मा को **णहि**-नहीं **जाणदि**-जानता **सो**-वह **अणसणाइ-तवं**-अनशनादि तप **कुव्वंतो**-करते हुए (भी) **कहं**-किस प्रकार **अप्पं**-आत्मा को **लहेज्ज**-प्राप्त कर सकता है।

## मोक्षाधिकारी

**जो अप्पं जाणेदि हु, सगगुणपज्जयसहिदं वयहीणं।**
**सो लहेदि णिव्वाणं, खयिच्चु दव्व-भाव-कम्माणि।।67।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **सगगुणपज्जयसहिदं**-स्वगुण पर्याय से सहित **वयहीणं**-व्यय से हीन **अप्पं**-आत्मा को **जाणेदि**-जानता है **सो**-वह **हु**-निश्चय से **दव्व-भाव-कम्माणि**-द्रव्य-भाव कर्मों को **खयिच्चु**-क्षय करके **णिव्वाणं**-निर्वाण **लहेदि**-प्राप्त करता है।

## समत्व

**सहावरूवाणंदं, लहेदि अप्पदेहंतरणाणेण।**
**जोगी ण सीददि किंचि, पावकम्माणि भुंजंतो वि।।68।।**

**अन्वयार्थ-जोगी**-योगी **अप्पदेहंतरणाणेण**-आत्मा व देह के अंतर ज्ञान (भेद विज्ञान) के द्वारा **पावकम्माणि**-पाप कर्मों को **भुंजंतो वि**-भोगता हुआ भी **किंचि**-किंचित् **ण सीददि**-दु:खी नहीं होता (और) **सहावरूवाणंदं**-स्वभाव रूप आनंद को **लहेदि**-प्राप्त करता है।

## चंचल चित्त

**जावदु चित्ते विज्जदि, रायाइ-मोहुप्पण्णो वियारो।**
**पस्सिदुं णियसरूवं, जह चंचल-जले को सक्को।।69।।**

**अन्वयार्थ-जावदु**-जब तक **रायाइ-मोहुप्पण्णो**-रागादि मोह से उत्पन्न **वियारो**-विकार **चित्ते**-चित्त में **विज्जदि**-विद्यमान है (तब तक) **णियसरूवं**-निज स्वरूप को **पस्सिदुं**-देखने में **को**-कौन **सक्को**-समर्थ है **जह**-जैसे **चंचल-जले**-चंचल नीर में (मुख देखने में कौन समर्थ हो सकता है)।

## दृश्यमान कब

**णाणा-उम्मि-संजुदे, उब्बिंबले उब्भुआण-णीरम्मि।**
**पस्सेदुं णियवदणं, को माणुसो होदि समत्थो।।70।।**

**अन्वयार्थ-को**-कौन **माणुसो**-मनुष्य **णाणा-उम्मि-संजुदे**-बहुत तरंगो से युक्त **उब्बिंबले**-मैले जल में (या) **उब्भुआण-णीरम्मि**- उबलते हुए जल में **णियवदणं**-अपने मुख को **पस्सेदुं**-देखने में **समत्थो**-समर्थ **होदि**-होता है।

## स्वात्म दर्शन कब

**उम्मिरहिदामलजले, णिअच्छिदुं जह पडिबिंबं णियगं।**
**तह णिम्मले चित्तम्मि, पस्सिदुमप्पप्पं सक्केदि।।71।।**

**अन्वयार्थ-जह**-जिस प्रकार मनुष्य **उम्मिरहिदामलजले**-तरंगों से रहित स्वच्छ जल में **णियगं**-अपने **पडिबिंबं**-प्रतिबिंब को **णिअच्छिदुं**-देखने में **सक्केदि**-समर्थ होता है **तह**-उसी प्रकार वह **णिम्मले चित्तम्मि**-निर्मल चित्त में **अप्पं**-अपनी आत्मा को **अप्पा**-आत्मा **पस्सिदुं**-देखने में (समर्थ होता है)।

## शुभाशुभ चित्त

**रुद्दट्टज्झाणजुदे, भमुप्पज्जदि संकिलेसिद-मणम्मि।**
**संसयमोहाइ-रहिद-चित्ते होदि धम्मज्झाणं।।72।।**

**अन्वयार्थ-रुद्दट्टज्झाणजुदे**-आर्त-रौद्र ध्यान युक्त **संकिलेसिद-मणम्मि**-संक्लेशित मन में **भमुप्पज्जदि**-भ्रम उत्पन्न होता है (व) **संसयमोहाइ-रहिद-चित्ते**-संशय मोहादि से रहित चित्त में **धम्मज्झाणं**-धर्मध्यान **होदि**-होता है।

## मोही निर्मोही

**मोहि-जणाणं चित्तं, खुब्भदि माणावमाण-भावेणं।**
**बे-भावेसु समत्तं, जीवा धारंति णिम्मोही।।73।।**

**अन्वयार्थ-मोहि-जणाणं**-मोही जनों का **चित्तं**-चित्त **माणावमाण-भावेणं**-मान व अपमान के भाव द्वारा **खुब्भदि**-क्षुब्ध होता है **णिम्मोही**-निर्मोही **जीवा**-जीव **बे-भावेसु**-दोनों भावों में **समत्तं**-समता भाव **धारंति**-धारण करते हैं।

## मोह विलय

**सुद्धप्प-चिंतणेणं, हवेदि तम्हि एव ठिदिकरणेणं।**
**मोहो खयेदि सिग्घं, जोगीणं चित्त-णिरोहो य।।74।।**

**अन्वयार्थ-सुद्धप्प-चिंतणेणं**-शुद्धात्मा के चिंतन से व **तम्हि एव**-उसमें ही **ठिदिकरणेणं**-स्थितिकरण (अर्थात् रहने) से **जोगीणं**-योगियों के **चित्त-णिरोहो**-चित्त का निरोध **हवेदि**-होता है **य**-और **मोहो**-मोह **सिग्घं**-शीघ्र **खयेदि**-नष्ट होता है।

## विज्ञ प्रवृत्ति

**रज्जदि जम्मि भावम्मि, णाणी मोही णो रज्जदे तम्मि।**
**जत्थ रज्जदे मोही, णाणी तं णासदे सया हि।।75।।**

**अन्वयार्थ-जम्मि भावम्मि**-जिस भाव में **णाणी**-ज्ञानी **रज्जदि**-रंजायमान होता है **मोही**-मोही **तम्मि**-उस भाव में **णो रज्जदे**-रंजायमान नहीं होता तथा **जत्थ**-जहाँ **मोही**-मोही जीव **रज्जदे**-रंजायमान होता है **तं**-उस भाव को **णाणी**-ज्ञानी **सया**-सदा **हि**-ही **णासदे**-नष्ट करता है।

## तत्त्वज्ञान

**दुक्ख-कारणं मोहं, णासदि जोगी तच्चचिंतणेणं।**
**विणा तच्चणाणेणं, को वि ण सक्कदि सिवं लहिदुं।।76।।**

**अन्वयार्थ-जोगी**-योगी **तच्चचिंतणेणं**-तत्त्व चिंतन के द्वारा **दुक्ख-कारणं**-दुख के कारण **मोहं**-मोह को **णासदि**-नष्ट करता है **तच्चणाणेणं विणा**-तत्त्वज्ञान के बिना **को वि**-कोई भी **सिवं**-मोक्ष **लहिदुं**-प्राप्त करने में **ण सक्कदि**-समर्थ नहीं होता।

## स्वस्थिति

**कसायभाव-खयेदुं, विरत्ति-भाव-वड्ढिदुं विसयादो।**
**णाणी सहावे ठादि, सहजुप्पण्णतच्चणाणेण।।77।।**

**अन्वयार्थ-कसाय-भाव-खयेदुं**-कषाय भावों के क्षय के लिए व

**विसयादो**-विषयों से **विरत्ति-भाव-वड्ढिदुं**-विरक्ति भाव के वर्द्धन के लिए **णाणी**-ज्ञानी **सहजुप्पण्णतच्चणाणेण**-सहजोत्पन्न तत्त्व ज्ञान के द्वारा **सहावे**-स्वभाव में **ठादि**-ठहरता है (स्थिर रहता है)।

## अयोग दशा

**चुदो सगसहावत्तो, जीवो बंधेदि विउलकम्माइं।**
**अच्चुदो सगप्पादो, लहदि णियप्पं अजोगेहिं।।78।।**

**अन्वयार्थ-खलु**-निश्चय से **सगसहावत्तो**-अपने स्वभाव से **चुदो**-च्युत **जीवो**-जीव **विउलकम्माइं**-विपुल कर्मों को **बंधेदि**-बाँधता है (व) **सगप्पादो अच्चुदो**-निज आत्मा से अच्युत (आत्म में स्थिर रहने वाला) **अजोगेहिं**-अयोगों के द्वारा **णियप्पं**-निज आत्मा को **लहदि**-प्राप्त करता है।

## अलिंग आत्मा

**दंसणजोगतणाइं, पेक्खित्ता अप्पं तिलिंगरूवो।**
**मूढो तच्चणाणी य, मण्णदि अप्पं लिंगहीणो।।79।।**

**अन्वयार्थ-मूढो**-मूर्ख **दंसणजोगतणाइं**-दर्शन, योग, देहादि को **पेक्खित्ता**-देखकर **अप्पं**-आत्मा को **तिलिंगरूवो**-तीन लिंग रूप **मण्णदि**-मानता है **य**-और **जोगी**-योगी **तच्चणाणी**-तत्त्वज्ञानी **अप्पं**-आत्मा को **लिंगहीणो**-लिंग हीन (मानता है)।

## पूर्व संस्कार

**सुद्धप्पं जाणंतो, तच्चणाण-झाणाण य बलेणं वि।**
**पुव्वसक्कारबलेण, संजमी चुदे सहावादो।।80।।**

**अन्वयार्थ-संजमी**-संयमी **तच्चणाण-झाणाण य**-तत्त्वज्ञान और ध्यान के **बलेणं**-बल से **सुद्धप्पं**-शुद्धात्मा को **जाणंतो**-जानता हुआ **वि**-भी **पुव्वसक्कार-बलेण**-पूर्व संस्कारों के बल से **सहावादो**-स्वभाव से **चुदे**-च्युत होता है।

## संस्कार क्षय

**तच्चचिंतणं कुणेह, पुणो पुणो पुव्वसक्कारखयिदुं।**
**संजमझाणेहि होंति, थिरा हु परमप्प-सक्कारा।।81।।**

**अन्वयार्थ-पुव्वसक्कारखयिदुं**-पूर्व संस्कारों के क्षय के लिए **पुणो-पुणो**-पुनः पुनः **तच्चचिंतणं**-तत्त्व चिंतन **कुणेह**-करना चाहिए **हु**-निश्चय से **संजमझाणेहि**-संयम व ध्यान से **परमप्प-सक्कारा**-परमात्मा के संस्कार **थिरा**-स्थिर **होंति**-होते हैं।

## चेतन-अचेतन

**णत्थि चेयणाजीवो, अजीवो वि चेयणो णत्थि कया वि।**
**जीवो चेयणाजुदो, सस्सदाचेयणो अजीवो।।82।।**

**अन्वयार्थ-चेयणाजीवो**-चेतन अजीव **णत्थि**-नहीं है (तथा) **अजीवो वि**-अजीव भी **कया वि**-कभी भी **चेयणो**-चेतन **णत्थि**-नहीं है **जीवो**-जीव **चेयणाजुदो**-चेतना युक्त है **अजीवो**-अजीव **सस्सदाचेयणो**-शाश्वत अचेतन है।

## हित-अहित

**पोग्गलो दिस्समाणो, चेयणाइ हिदं करिदुमसमत्थो।**
**चेयणादिस्समाणा, सक्का चेयण-हिदं करिदुं।।83।।**

**अन्वयार्थ-दिस्समाणो**-दृश्यमान **पोग्गलो**-पुद्गल **चेयणाइ**-चेतना का **हिदं**-हित **करिदुं**-करने में **असमत्थो**-असमर्थ है **अदिस्समाणा**-अदृश्यमान **चेयणा**-चेतना (ही) **चेयण-हिदं**-चेतना का हित **करिदुं**-करने में **सक्का**-समर्थ है।

## हित सामर्थ्य

**पोग्गल-विजादिरूवो, णत्थि मज्झं केण वि उवायेणं।**
**करिदुमप्पसुहासुहं, ममं विणा ण को वि समत्थो।।84।।**

**अन्वयार्थ-पोग्गल-विजादिरूवो**-पुद्गल विजातिरूप है (वह)

**केण वि**-किसी भी **उवायेणं**-उपाय से **मज्झं**-मेरा **णत्थि**-नहीं है **अप्पसुहासुहं**-आत्मा का शुभाशुभ **करिदुं**-करने में **ममं विणा**-मेरे बिना **को वि**-कोई भी **ण समत्थो**-समर्थ नहीं है।

## इंद्रियागोचर

**होज्ज मे दिस्समाणो, पोग्गलाचेयणो चेयणादिट्ठा।**
**किण्णाहं पोग्गलेहि, रुट्ठं तुट्ठं कया होज्जा।।85।।**

**अन्वयार्थ-पोग्गलाचेयणो**-पुद्गल अचेतन है **मे**-मेरे द्वारा **दिस्समाणो**-दृश्यमान **होज्ज**-हो सकता है (किंतु मेरी) **चेयणादिट्ठा**-चेतना अदृष्ट है (तब) **हं**-मैं **किण्णा**-कैसे **कया**-कभी **पोग्गलेहि**-पुद्गलों के द्वारा **रुट्ठं तुट्ठं होज्जा**-रुष्ट तुष्ट हो सकता हूँ।

## त्याज्य-अत्याज्य

**गहदे मूढप्पा खलु, बहि-पदत्था तहा ता हि उज्झेदि।**
**गहदि मुअदि बहि-अत्था, णज्झप्पणाण-जुदो जोगी।।86।।**

**अन्वयार्थ-मूढप्पा**-मूढ़ात्मा **बहि-पदत्था**-बाह्य पदार्थों को **गहदे**-ग्रहण करता है **तहा**-तथा **ता**-उनको **हि**-ही **उज्झेदि**-छोड़ता है **खलु**-निश्चय से **अज्झप्पणाण-जुदो**-अध्यात्म ज्ञान से युक्त **जोगी**-योगी **बहि-अत्था**-बाह्य अर्थों (पदार्थों) को **ण**-न **गहदि**-ग्रहण करता है **मुअदि**-(न) छोड़ता है।

## तत्त्वज्ञ प्रवृत्ति

**सण्णाणी जदणेणं, आमुयदि सव्व-विहावं वियारं।**
**उप्पज्जेदि अप्पम्मि, तेण सहावो अप्पणाणं।।87।।**

**अन्वयार्थ-सण्णाणी**-सम्यक्ज्ञानी **सव्व-विहावं**-सर्व विभाव **वियारं**-विकार का **जदणेणं**-यत्नपूर्वक **आमुयदि**-त्याग करता है (तथा) **तेण**-उससे **अप्पम्मि**-आत्मा में **अप्पणाणं**-आत्म ज्ञान व **सहावो**-स्वभाव **उप्पज्जेदि**-उत्पन्न होता है।

## सहज वृत्ति

**सरीरेण वयणेणं, ववहारं करेदि जोगी णाणी।**
**मणसा णो हु परिलीदि, भववड्ढग-ववहारम्मि सो।।88।।**

**अन्वयार्थ-जोगी**-योगी **णाणी**-ज्ञानी **सरीरेण**-शरीर के द्वारा **वयणेणं**-वचन के द्वारा **ववहारं**-व्यवहार **करेदि**-करता है **हु**-निश्चय ही **सो**-वह **भववड्ढग-ववहारम्मि**-भववर्द्धक व्यवहार में **मणसा**-मन से **णो परिलीदि**-लीन नहीं होता है।

## लोक प्रवृत्ति

**सया जगं संपुण्णं, विस्ससदे चिय परिलीदि रज्जेदि।**
**देहाइ-परदव्वेसु, मण्णित्तु सुह-कारणं ताणि।।89।।**

**अन्वयार्थ-संपुण्णं**-संपूर्ण **जगं**-जगत् **ताणि**-उन (देहादि पर द्रव्यों को) **सुह-कारणं**-सुख का कारण **मण्णित्तु**-मानकर **देहाइ-परदव्वेसु** देहादि पर द्रव्यों में **चिय**-ही **सया**-सदा **विस्ससदे**-विश्वास करता है **परिलीदि**-लीन रहता है व **रज्जेदि**-रंजायमान होता है।

## आत्मदृष्टा

**विस्ससदे सगप्पम्मि, होदि जस्सप्पदिट्ठी णिच्चं सो।**
**तस्सिं रज्जेदि तहा, तं हि भावेदि अप्पणाणी।।90।।**

**अन्वयार्थ-जस्स**-जिसकी **अप्पदिट्ठी**-आत्मदृष्टि **होदि**-होती है **सो**-वह **अप्पणाणी**-आत्मज्ञानी **णिच्चं**-नित्य **सगप्पम्मि**-अपनी आत्मा में **विस्ससदे**-विश्वास करता है **तस्सिं**-उसमें **रज्जेदि**-रंजायमान होता है **तहा**-तथा **तं**-उसकी **हि**-ही **भावेदि**-भावना करता है।

## अक्षुब्ध चित्त

**मणसि ण धारदे चिरं, जोगी अण्णकज्जमप्प-भावादु।**
**देहवयणेहि मेत्तं, कयाचि सो कुणदि ववहारं।।91।।**

**अन्वयार्थ-जोगी**-योगी **चिरं**-लंबे समय तक **अप्पभावादु**-आत्म भाव

से पृथक् **अण्णकज्जं**-अन्य कार्य को **मणसि**-मन में **ण धारदे**-धारण नहीं करता **कयाचि**-कदाचित् **मेत्तं**-मात्र **देहवयणेहि**-देह और वचनों से **सो**-वह **ववहारं**-व्यवहार **कुणदि**-करता है।

## शाश्वत ज्योति

**अक्खेहि जाणामि जं, कत्थ वि याले सो णो मे कया वि।**
**पस्समि अतिंदियप्पं, सस्सदजोदी उत्तमो सो।।92।।**

**अन्वयार्थ-जं**-जिसे (मैं) **अक्खेहि**-इंद्रियों से **जाणामि**-जानता हूँ **सो**-वह **कत्थ वि याले**-किसी भी काल में **कया वि**-कभी भी **मे**-मेरा **णो**-नहीं है (मैं) **अतिंदियप्पं**-अतीन्द्रिय आत्मा को **पस्समि**-देखता हूँ **सो**-वह **उत्तमो**-उत्तम **सस्सदजोदी**-शाश्वत ज्योति है।

## ध्येय

**णाणदंसणसत्तीण, सस्सदाणंदस्स हु कारणं जो।**
**सो अप्पा हं णिच्चं, तं हि भावेज्जा झायेज्जा।।93।।**

**अन्वयार्थ-हु**-निश्चय से **जो**-जो **णाणदंसणसत्तीण**-ज्ञान, दर्शन, शक्ति का व **सस्सदाणंदस्स**-शाश्वत आनंद का **कारणं**-कारण है **सो**-वह **अप्पा**-आत्मा **णिच्चं**-नित्य **हं**-मैं हूँ **तं**-ऐसी आत्मा की **हि**-ही **भावेज्जा**-भावना करनी चाहिए (व उसका ही) **झायेज्जा**-ध्यान करना चाहिए।

## ग्राह्य

**जाइ खयदि अण्णाणं, तच्चणाणं जादि अप्पदेसम्मि।**
**गहणीयं विज्जं तं, पुच्छेज्ज हि कहेज्ज पस्सेज्ज।।94।।**

**अन्वयार्थ-जाइ**-जिसके द्वारा **अण्णाणं**-अज्ञान **खयदि**-नष्ट होता है **अप्पदेसम्मि**-आत्म प्रदेश में **तच्चणाणं**-तत्त्वज्ञान **जादि**-उत्पन्न होता है **तं**-उस **गहणीयं**-ग्रहण करने योग्य **विज्जं**-विद्या को **हि**-ही **पुच्छेज्ज**-पूछना चाहिए **कहेज्ज**-कहना चाहिए (और) **पस्सेज्ज**-देखना चाहिए।

## संयम-सुख

**जो अप्पणाणसुहादु, बहिरभूदो चिम्मयाइ-णिहीए।**
**सो अणुभवेदि दुक्खं, संजमे णवरि णाणी सुहं।।95।।**

**अन्वयार्थ-जो**-जो **अप्पणाणसुहादु**-आत्मा के ज्ञान सुख **चिम्मयाइ-णिहीए**-और चिन्मयादि निधि से **बहिरभूदो**-बहिर्भूत (बाह्य) है **सो**-वह **संजमे**-संयम में **दुक्खं**-दुख का **अणुभवेदि**-अनुभव करता है **णवरि**-किंतु विशेषता यह है कि **णाणी**-ज्ञानी (आत्मा के ज्ञान, सुख, चिन्मयादि निधि को जानने वाला उसमें अंतर्भूत ज्ञानी संयम में सदा) **सुहं**-सुख का (अनुभव करता है)।

## अतत्त्ववेत्ता

